# शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी, जिला – धमतरी (छ.ग.)


E-mail – govtnavencollegedamdi@gmail.com

AISHE CODE – C-62906

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## वार्षिक गतिविधि प्रतिवेदन

## सत्र: 2025–2026




"शिक्षा वह शक्ति है जो व्यक्ति के जीवन को नई दिशा और समाज को नई प्रगति प्रदान करती है।"

"ज्ञान ही वह दीपक है जो अज्ञानता के अंधकार को दूर करता है।"

"विद्या ददाति विनयं, विनयाद् याति पात्रताम्।"

# 1. विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम

आमदी कॉलेज में फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश आज दिनांक 5 जून 2025 को शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशानुसार महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई एवं यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत निर्माणाधीन महाविद्यालय परिसर में फलदार पौधों बेल, जामुन, बेर, कटहल के साथ-साथ लगभग 30 से अधिक छायादार पौधों का रोपण किया गया, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि हमारा भारतवर्ष, ऋषि-मुनियों की धरती, सदैव से प्रकृति की पूजा करता आया है। वृक्षों को देवतुल्य माना गया है। ''वृक्षः माता, वृक्षः पिता'' - ऐसी भावना हमारे संस्कारों में रची-बसी है। पेड़ न केवल हमें छाया, फल, फूल और लकड़ी देते हैं, बल्कि वे जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैं। आज जब पर्यावरण संकट विकराल रूप ले रहा है। ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन जैसे संकट बढ़ते जा रहे हैं, तब वृक्षारोपण एकमात्र ऐसा उपाय है जो स्थायी समाधान प्रदान करता है।

इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम ''प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना'' पर चर्चा करते हुए सभी को सिंगल यूज़ प्लास्टिक उपयोग न करने के लिए संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री तरुण बैनर्जी, श्री अंकित कुमार बोधवानी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के 40 से अधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ एवं प्रेस कवरेज : समाचार पत्र कटिंग















### आमदी कॉलेज में फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

आमदी (प्रखर)। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशानुसार महाविद्यालय के रासेयो इकाई व यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निर्माणाधीन महाविद्यालय परिसर में फलदार पौधे बेल, जामुन, बेर, कटहल के साथ-साथ लगभग 30 से अधिक छायादार पौधों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि हमारा भारतवर्ष, ऋषि-मुनियों की धरती, सदैव से प्रकृति की पूजा करता आया है। वृक्षों को देवतुल्य माना गया है। "वृक्ष: माता, वृक्ष: पिता" - ऐसी भावना हमारे संस्कारों में रची-बसी है। पेड़ न केवल हमें छाया, फल, फूल और लकड़ी देते हैं, बल्कि वे जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैं। आज जब पर्यावरण संकट विकराल रूप ले रहा है। ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन जैसे संकट बढ़ते जा रहे हैं, तब वृक्षारोपण एकमात्र ऐसा उपाय है जो स्थायी समाधान प्रदान करता है। रासयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम "प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना" पर चर्चा करते हुए सभी को सिंगल यूज़ प्लास्टिक उपयोग न करने के लिए संकल्प दिलाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित कुमार बोधवानी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित थे।



हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Raipur Dhamtari Bhoomi - 07 Jun 2025 - Page 3

### छात्रों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- आमदी कालेज में 30 से अधिक पौधों का रोपण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की रासेयो इकाई व यूथ रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। महाविद्यालय परिसर में फलदार पौधे बेल, जामुन, बेर, कटहल के साथ साथ 30 से अधिक छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य डा. गौकरण प्रसाद ने कहा कि हमारा भारतवर्ष ऋषि मुनियों की धरती है। सदैव से प्रकृति की पूजा करता आया है। वृक्षों को देवतुल्य माना गया है। पेड़ न केवल हमें छाया, फल, फूल और लकड़ी देते हैं, बल्कि वे जीवनदायिनी आक्सीजन भी प्रदान करते हैं। आज जब पर्यावरण संकट विकराल रूप ले रहा है। ग्लोबल वार्मिंग, प्रदुषण, जलवायु परिवर्तन जैसे संकट बढ़ते जा रहे हैं, तब पौधारोपण एकमात्र ऐसा उपाय है जो स्थायी समाधान प्रदान करता है। रासयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना पर चर्चा करते हुए सभी को सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने के लिए संकल्प दिलाया। इस अवसर पर प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी तथा रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## 2. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

आमदी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन आज दिनांक 21 जून 2025 को शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशानुसार महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई एवं यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में अधिकारी/कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों की उपस्थिति में योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि आत्मा, मन और शरीर के सामंजस्य का विज्ञान है। यह हमें तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है और भारत की अमूल्य विरासत का प्रतीक है। उन्होंने छात्र जीवन में योग के महत्व को भी विस्तार से बताया।

इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल ने सभी अधिकारी/कर्मचारी एवं स्वयंसेवकों को सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम में अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी, उद्गीत, कपालभाति तथा आसनों में पद्मासन, वज्रासन, गोमुखासन, हलासन, भुजंगासन आदि का अभ्यास करवाया। इसके पश्चात उन्होंने सभी को प्रतिदिन योगाभ्यास करने के लिए शपथ भी दिलाई। इस आयोजन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल, यूथ रेडक्रॉस प्रभारी श्री अंकित कुमार बोधवानी, महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री तरुण बैनर्जी, प्रयोगशाला तकनीशियन श्रीमती सविता गिलहरे तथा स्वयंसेवकों में छत्रपाल साहू, तोषण कुमार, हरिकिशन साहू, ईशा, खेमेश्वरी, खुशबु, काम्या, दिव्या पटेल, तुलसीरानी सहित 35 से अधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ एवं प्रेस कवरेज : समाचार पत्र कटिंग

















हरिभूमि Date 22 Jun 2025

## योग भारत की अमूल्य विरासत का प्रतीक : जायसवाल

- आमदी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशानुसार महाविद्यालय की रासेयो इकाई व यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. जायसवाल ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि आत्मा, मन और शरीर के सामंजस्य का विज्ञान है। यह हमें तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है और भारत की अमूल्य विरासत का प्रतीक है। उन्होंने छात्र जीवन में योग के महत्व को भी विस्तार से बताया।

इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल ने सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वयंसेवकों को सूक्ष्म व्यायाम, प्रणायाम में अनुलाम विलोम, भ्रामरी, उद्घित, कपालभाति व आसन में पदमासन, वज्रासन, गोमुखासन, हलासन, भुजंगासन का अभ्यास करवाया। इसके पश्चात उन्होंने प्रतिदिन योगाभ्यास करने की शपथ भी दिलाई। इस आयोजन में श्री अटल, यूथ रेडक्रॉस प्रभारी अंकित बोधवानी, सहायक प्राध्यापक तरूण बैनर्जी, प्रयोगशाला तकनीशियन सविता गिलहरे तथा स्वयंसेवक छत्रपाल साहू, तोषण कुमार, हरिकिशन साहू, ईशा, खेमेश्वरी, खुशबू, काम्या, दिव्या पटेल, तुलसी रानी उपस्थित थे।

## 3. कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि

आमदी कॉलेज में कारगिल विजय दिवस पर वीरों को दी गई श्रद्धांजलि, आज दिनांक 28 जुलाई 2025 को शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भावपूर्ण स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय सेना के वीर जवानों के अद्वितीय साहस और राष्ट्रभक्ति को श्रद्धांजलि अर्पित करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि कारगिल विजय केवल सैन्य सफलता नहीं बल्कि संपूर्ण राष्ट्र की एकजुटता, साहस और समर्पण का प्रतीक है। हमारे वीर जवानों ने विषम परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और मातृभूमि की रक्षा हेतु अपने प्राण न्योछावर कर दिए। हमारे युवाओं को भी इन्हीं मूल्यों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने देशभक्ति गीत एवं कविताओं के माध्यम से वीर जवानों की शौर्य गाथा को जीवंत किया तथा शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल, सहायक प्राध्यापक श्री तरुण बैनर्जी, श्री अंकित कुमार बोधवानी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक दिव्या पटेल, योगिता पटेल, प्राची, वर्षा, मोनिका सहित 40 से अधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ एवं प्रेस कवरेज : समाचार पत्र कटिंग**






नवभारत छत्तीसगढ़ • ओडिशा

Dhamtari - 30 Jul 2025 - 30dmt2
epaper.navabharat.news

**आमदी कॉलेज में कारगिल के वीरों को दी गई श्रद्धांजलि**

**धमतरी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय सेना के वीर जवानों के अद्वितीय साहस और राष्ट्रभक्ति को श्रद्धांजलि अर्पित करना था। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने संबोधन में कहा कि कारगिल विजय केवल सैन्य सफलता नहीं बल्कि संपूर्ण राष्ट्र की एकजुट, साहस और समर्पण का प्रतीक है। वीर जवानों ने विषम परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और मातृभूमि की रक्षा हेतु अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। युवाओं को भी इन्हीं मूल्यों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। स्वयंसेवकों ने भी देश भक्ति गीत व कविताओं के माध्यम से वीर जवानों की शौर्य गाथा को जीवंत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल, सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक दिव्या पटेल, योगिता पटेल, प्राची, वर्षा, मोनिका, जिवेश साहू आदि उपस्थित थे।

## 4. भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित व्यास पूजा समारोह

दिनांक **05 अगस्त 2025** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी** में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई के तत्वावधान में **भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित व्यास पूजा समारोह** आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य **डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल** ने की। मुख्य वक्ता के रूप में **डॉ. चंद्रशेखर चौबे** (जिला संयोजक, भारतीय शिक्षण मंडल, धमतरी) तथा विशिष्ट अतिथि **श्री निरंजन कुमार** (जिला संगठन, रासेयो, धमतरी) उपस्थित रहे। वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति में **गुरु के महत्व, गुरु-शिष्य परंपरा तथा महर्षि वेदव्यास के योगदान** पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को गुरु के आदर्शों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन **रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल** द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं **62 से अधिक रासेयो स्वयंसेवकों** की सक्रिय सहभागिता रही।

**कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ**






## 5. स्वतंत्रता दिवस पूर्व स्वच्छता अभियान एवं तिरंगा यात्रा का आयोजन

दिनांक **13 अगस्त 2025** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी** की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा **स्वतंत्रता दिवस पूर्व स्वच्छता अभियान एवं तिरंगा यात्रा** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई कर कचरा, प्लास्टिक एवं झाड़ियों को हटाकर परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया। इसके पश्चात **नगर पंचायत आमदी** में तिरंगा यात्रा निकालकर भारत माता की जय एवं वंदे मातरम् के नारों के साथ देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य **डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल** ने विद्यार्थियों को देशप्रेम, अनुशासन एवं समाज सेवा की भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में **50 से अधिक रासेयो स्वयंसेवकों** की सक्रिय सहभागिता रही।

### कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ












## 6. शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, आज दिनांक 15 अगस्त 2025 को शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी के नवीन भवन में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के नवीन भवन में आयोजित स्वतंत्रता दिवस का यह प्रथम अवसर होने के कारण कार्यक्रम अत्यंत सुखद और स्मरणीय रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आज का यह दिवस स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण करने के साथ हमें कर्तव्यनिष्ठ होकर देश की सेवा करने की प्रेरणा देता है। राष्ट्र की प्रगति में हम सबको अपना अमूल्य योगदान देना चाहिए। उन्होंने महाविद्यालय की स्थापना से लेकर नवीन भवन में प्रवेश तक योगदान देने वाले जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी महानुभावों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का प्रत्येक विद्यार्थी ज्ञान, अनुशासन और सेवा की भावना से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे, यही इस अवसर का सच्चा संकल्प है। समारोह में जनभागीदारी समिति के वर्तमान एवं पूर्व सदस्य सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तुलसी रानी, युक्ति तिवारी, डुमेश्वरी एवं रेणुका साहू ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को उल्लास और राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर परिसर की स्वच्छता, मंच सज्जा, अतिथि स्वागत एवं अनुशासन व्यवस्था में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की विशेष भूमिका रही, जिसमें 60 से अधिक स्वयंसेवकों ने सक्रिय योगदान दिया।

आयोजन की सफलता में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री तरुण बैनर्जी, श्री अंकित कुमार बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक श्री युगेश्वर साहू, श्री मन्नूलाल साहू, प्रयोगशाला तकनीशियन श्रीमती सविता गिलहरे का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर छत्रपाल, नुरेंद्र सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल द्वारा किया गया।

# कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ एवं प्रेस कवरेज : समाचार पत्र कटिंग









नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 17 Aug 2025 - 17dmt4
epaper.navabharat.news



चौबे ने स्वतंत्रता सेनानियों और महापूरूषो के योगदान को याद दिलाते हुए समृद्ध भारत की कामना व्यक्त की। बच्चों द्वारा देशभक्ति से संबंधित भाषण एवं अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई। संस्था की प्राचार्या तृप्ती रॉय ने आभार व्यक्त किया।

## आमदी कॉलेज में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस



शासकीय नवीन कॉलेज आमदी के नवीन भवन में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के मनाया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने ध्वजारोहण किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आज का यह दिवस स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण करने के साथ हमें कर्तव्यनिष्ठ होकर देश की सेवा करने की प्रेरणा देता है। राष्ट्र की प्रगति में हम सबको अपना अमूल्य योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में रासेयो के स्वयंसेवक तुलसी रानी, युक्ति तिवारी, डुमेश्वरी एवं रेणुका साहू ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। आयोजन की सफलता में सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित कुमार बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर साहू, मन्नूलाल साहू, सविता गिलहरे प्रयोगशाला तकनीशियन का योगदान रहा। संचालन डीगेश्वर अटल ने किया।

## ज्ञान अमृत स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



ज्ञान अमृत इंग्लिश हाईस्कूल धमतरी में उत्साहपूर्ण वातावरण में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण किया गया। छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति गीत, कविता, भाषण, सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार पाण्डेय ने कहा यह दिन हमें हमारे देश के लिए शहीद वीरों की याद दिलाता है देशभक्ति हमें अपनी देश के प्रति प्यार और सम्मान की भावना सिखाती है। यह हमारी देश के लिए काम करने और इसकी रक्षा करने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर भुनेश्वरी देवांगन, ममता तिवारी, कल्पना माने, मनीशा अंकमवार, रूमानी कुरेशी, हेमलता देवांगन, ज्योति सोनी, गायत्री दुबे, प्रिया शर्मा, नेहा सिन्हा, गायत्री देवांगन, अल्फिया शेख, पायल नामदेव, नीलम साहू, प्रकृति पाण्डेय, संस्कृति पाण्डेय, दीपिका पटेल, मोनिका बांधे, जगदीश सोनी, आदित्य दुबे, शैलेन्द्र साहू, राजेन्द्र साहू, उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन शीतल सोनी ने किया।

पत्रिका

## सेनानियों के बलिदान को किया याद



धमतरी. शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के नवीन भवन में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आज का यह दिवस स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण करने के साथ हमें कर्तव्यनिष्ठ होकर देश की सेवा करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने महाविद्यालय की स्थापना से लेकर नवीन भवन में प्रवेश तक योगदान देने वाले, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों व प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रासेयो के स्वयंसेवक तुलसी रानी, युक्ति तिवारी, डुमेश्वरी एवं रेणुका साहू ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने किया। इस अवसर पर तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर आदि उपस्थित थे।

17/08/2025 | Dhamtari | Page : 2
Source : https://epaper.patrika.com/

## 7. आमदी कॉलेज में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन

आमदी कॉलेज में नशा मुक्ति अभियान का सफल आयोजन, आज दिनांक 20 अगस्त 2025 को शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई तथा रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर अपने संक्षिप्त उद्बोधन में प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि नशा व्यक्ति और समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधा है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सदैव नशे से दूर रहना चाहिए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत आमदी की अध्यक्ष एवं महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्षा श्रीमती ज्योति साहू ने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि आज नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। यह न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। युवाओं को चाहिए कि वे नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित करें और समाज के लिए प्रेरणा बनें। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि संस्कारों को भी आत्मसात करना है। जब युवा पीढ़ी नशामुक्त और जागरूक होगी तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नशामुक्त रहें और समाज के अन्य लोगों को भी नशे से मुक्ति दिलाने के लिए जागरूक करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल ने छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई तथा कहा कि युवाओं के जागरूक होने से ही नशामुक्त भारत का सपना साकार होगा।











पत्रिका

जागरूकता : आमदी कॉलेज में नशामुक्ति अभियान का हुआ आयोजन

## नशा समाज के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है: ज्योति

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**आमदी.** शासकीय महाविद्यालय आमदी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. गौकरण जायसवाल ने कहा कि नशा व्यक्ति और समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधक है इसलिए सभी व्यक्ति को सदैव नशा से दूर रहना चाहिए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, नपं आमदी की अध्यक्ष एवं महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्षा ज्योति साहू ने कहा कि आज नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। यह न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। युवाओं को चाहिए कि वे नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित करें और समाज के लिए प्रेरणा बनें। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि संस्कारों को भी आत्मसात करना है। जब युवा पीढ़ी नशामुक्त और जागरूक होगी तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव होगा।

उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नशामुक्त रहें और समाज के अन्य लोगों को भी नशे से मुक्ति दिलाने के लिए जागरूक करें। इस अवसर पर रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक तरूण बैनर्जी, अंकित कुमार बोधवानी, अतिथि सहा. प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद साहू, युगेश्वर प्रसाद, रमेश कुमार, डॉ. उपमा, मन्नूलाल साहू एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

**आमदी.** बैनर-पोस्टर के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक।

24/08/2025 | Dhamtari | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/



हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Dhamtari Bhoomi - 24 Aug 2025 - Page 2

## नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती : ज्योति

- आमदी कॉलेज में नशामुक्ति अभियान का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

शासकीय महाविद्यालय आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन में नशामुक्ति अभियान का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम रासेयो इकाई तथा रेडरिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। डा. जायसवाल ने कहा कि नशा व्यक्ति और समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधक है। सभी व्यक्ति को नशा से दूर रहना चाहिए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत आमदी की अध्यक्ष एवं महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू ने कहा कि आज नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। यह न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है अपितु पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। युवाओं को चाहिए कि वे नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित करें और समाज के लिए प्रेरणा बनें। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि संस्कारों को भी आत्मसात करना है। जब युवा पीढ़ी नशामुक्त और जागरूक होगी तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। इस अवसर पर रासेयो अधिकारी डीगेश्वर अटल ने छात्र-छात्रओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई तथा कहा कि युवाओं के जागरूक होने से ही नशामुक्त भारत का सपना साकार होगा।

इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक तरूण बैनर्जी, अंकित बोधवानी व अतिथि सहायक प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद साहू, युगेश्वर प्रसाद, रमेशकुमार, डॉ. उपमा, मन्नूलाल साहू समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## 8. राष्ट्रीय सेवा योजना की नियमित गतिविधि एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम

दिनांक **30 अगस्त 2025** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला-धमतरी)** में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा नियमित गतिविधि के अंतर्गत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, कार्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम अधिकारी **श्री डीगेश्वर अटल** ने स्वयंसेवकों को एन.एस.एस. के आदर्श वाक्य **"Not Me, But You"** की भावना को अपनाते हुए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता एवं ग्राम विकास जैसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में **60 से अधिक रासेयो स्वयंसेवकों** की उपस्थिति रही।

### कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ









## 9. आमदी कॉलेज में 200 से अधिक पौधों का वृक्षारोपण

आमदी कॉलेज में 200 से अधिक पौधों का वृक्षारोपणआज दिनांक 03 सितंबर 2025 को शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर निर्माण के उद्देश्य से महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में आम, जामुन, करंज, नीम, पीपल, पपीता, गुलाब, सेवती, गेंदा एवं गुलमोहर जैसे फलदार, छायादार एवं पुष्प वाले 200 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों में विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिला तथा सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के करकमलों से हुआ। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम है। यदि हम पौधों की देखभाल को अपनी जिम्मेदारी समझें तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण प्रदान कर सकते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल ने स्वयंसेवकों को वृक्षारोपण के महत्व से अवगत कराते हुए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री तरुण बैनर्जी, श्री अंकित कुमार बोधवानी तथा अतिथि प्राध्यापक श्री युगेश्वर प्रसाद, श्री मन्नू लाल साहू एवं श्री रमेश कुमार की उपस्थिति रही। इस अवसर पर 45 से अधिक स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।









**पत्रिका**

## कॉलेज परिसर में 200 से अधिक पौधे रोपे



**धमतरी @ पत्रिका.** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर निर्माण के उद्देश्य से शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में आम, जामुन, करंज, नीम, पीपल, पपीता, गुलाब, सेवंती, गेंदा और गुलमोहर जैसे फ लदार, छायादार सहित 200 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवकों में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिला। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि वृक्ष ही हमारे जीवन के प्राण हैं। पौधरोपण केवल पर्यावरण की सुरक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि यह जीवन मूल्य है। यदि हम पौधों की देखभाल को अपनी जिम्मेदारी मान लें, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु, हरियाली और संतुलित जलवायु का उपहार दे सकते हैं। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक तरुण बनर्जी, अंकित कुमार बोधवानी एवं अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद, मन्नू लाल साहू, रमेश कुमार ने भी पौधरोपण कर छात्रों को प्रेरित किया।

06/09/2025 | Dhamtari | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

## आमदी कॉलेज में 200 से अधिक पौधों का रोपण



**धमतरी ( प्रखर )।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर निर्माण के उद्देश्य से शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में आज राष्ट्रीय सेवा योजना ''एन.एस.एस'' इकाई एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में आम, जामुन, करंज, नीम, पीपल, पपीता, गुलाब, सेंवती, गेंदा और गुलमोहर जैसे फलदार, छायादार एवं पुष्पवाले 200 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवकों में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के करकमलों से हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्ष ही हमारे जीवन के प्राण हैं। वृक्षारोपण केवल पर्यावरण की सुरक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि यह जीवन मूल्य है। यदि हम पौधों की देखभाल को अपनी जिम्मेदारी मान लें, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु, हरियाली और संतुलित जलवायु का उपहार दे सकते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि एन.एस.एस. का ध्येय ही सेवा और समाज निर्माण है। पौधारोपण सेवा का सर्वोत्तम रूप है क्योंकि यह मानव ही नहीं, संपूर्ण प्राणी जगत के लिए कल्याणकारी है। प्रत्येक स्वयंसेवी को कम-से-कम एक पौधे की जिम्मेदारी लेकर उसे संरक्षित करना चाहिए। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक तरुण बनर्जी, अंकित कुमार बोधवानी एवं अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद, मन्नू लाल साहू तथा रमेश कुमार ने भी वृक्षारोपण कर छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में रासेयो स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। पूरे परिसर में पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ और हरा-भरा महाविद्यालय, स्वस्थ समाज का आधार जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।

**नवभारत** छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 05 Sep 2025 - 05dmt4
epaper.navabharat.news

## एनएसएस का ध्येय समाज निर्माण- अटल

### आमदी कॉलेज में 2 सौ से अधिक पौधों का किया गया रोपण



**धमतरी।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर निर्माण के उद्देश्य से शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में रासेयो इकाई एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में आम, जामुन, करंज, नीम, पीपल, पपीता, गुलाब, सेंवती, गेंदा और गुलमोहर जैसे फलदार, छायादार एवं पुष्पवाले 200 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि वृक्ष ही हमारे जीवन के प्राण हैं। वृक्षारोपण केवल पर्यावरण की सुरक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि यह जीवन मूल्य है। यदि हम पौधों की देखभाल को अपनी जिम्मेदारी मान लें, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु, हरियाली और संतुलित जलवायु का उपहार दे सकते हैं। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि एनएसएस का ध्येय ही सेवा और समाज निर्माण है। पौधारोपण सेवा का सर्वोत्तम रूप है क्योंकि यह मानव ही नहीं, संपूर्ण प्राणी जगत के लिए कल्याणकारी है। प्रत्येक स्वयंसेवी को कम-से-कम एक पौधे की जिम्मेदारी लेकर उसे संरक्षित करना चाहिए। कॉलेज के सहायक प्राध्यापक तरुण बनर्जी, अंकित कुमार बोधवानी एवं अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद, मन्नू लाल साहू तथा रमेश कुमार ने भी वृक्षारोपण कर छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में रासेयो स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। पूरे परिसर में पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ और हरा-भरा महाविद्यालय, स्वस्थ समाज का आधार जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।

## 10. आमदी कॉलेज में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन

आमदी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन, आज दिनांक 06 सितंबर 2025 को शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई के तत्वावधान में शिक्षक दिवस का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महान दार्शनिक, शिक्षक एवं भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को स्मरण करना तथा शिक्षा के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कु. डुमेश्वरी एवं कु. तुलसी रानी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति एवं श्रद्धा से अभिभूत कर दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्री तरुण बैनर्जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं होता, बल्कि वह विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देने वाला सच्चा मार्गदर्शक होता है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक सशक्त और संवेदनशील व्यक्तित्व का निर्माण करना है। श्री अंकित कुमार बोधवानी ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का महत्वपूर्ण साधन बताते हुए विद्यार्थियों से तकनीकी दक्षता के साथ मानवीय संवेदनाओं को भी आत्मसात करने का आग्रह किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल ने गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को शिक्षा के साथ समाजसेवा के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। अतिथि सहायक प्राध्यापक श्री युगेश्वर साहू, श्री मन्नू लाल साहू, श्री रमेश सिंह एवं डॉ. उपमा ने भी विद्यार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने, गुरुजनों का सम्मान करने तथा अर्जित ज्ञान को समाज कल्याण में लगाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की योजना एवं क्रियान्वयन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों संदीप कुमार, कुणाल, मोनीश, डुमेश्वरी, कीर्ति, शिप्रा, ट्विंकल, तुलसी रानी, खुशबू एवं योगिता साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन स्वयंसेवक पूर्वी, संगीता साहू एवं युक्ति तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर 60 से अधिक स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही।

# कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ एवं प्रेस कवरेज : समाचार पत्र कटिंग







पत्रिका

## शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं है: तरूण बैनर्जी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**धमतरी.** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महान दार्शनिक, शिक्षक एवं भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को स्मरण करना और शिक्षा के महत्व को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर डुमेश्वरी एवं तुलसी रानी ने मधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति एवं श्रद्धा से अभिभूत कर दिया। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी ने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि शिक्षक केवल पुस्तक का ज्ञान देने वाला नहीं होता बल्कि वह विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देने वाला सच्चा मार्गदर्शक होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक सशक्त और संवेदनशील व्यक्तित्व का निर्माण करना है। शिक्षक का कर्तव्य विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानना और उसे निखारना है, वहीं विद्यार्थियों का दायित्व है कि वे गुरुजनों के मार्गदर्शन को आत्मसात कर उसे अपने जीवन में उतारें।

अंकित कुमार बोधवानी ने अपने उद्बोधन में शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा साधन बताया और विद्यार्थियों से तकनीकी दक्षता के साथ मानवीय संवेदनाओं को भी आत्मसात करने का आग्रह किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यर म अधिकारी डीगेश्वर अटल ने गुरु-शिष्य परम्परा की गरिमा पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को शिक्षा के साथ समाजसेवा के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। अतिथि सहायक प्राध्यापक युगेश्वर साहू, मन्नूलाल साहू, रमेश सिंह एवं डॉ उपमा ने अपने संयुक्त उद्बोधन में विद्यार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने, गुरुजनों का सम्मान करने, अर्जित ज्ञान को समाज कल्याण में लगाने तथा उत्कृष्टता की ओर सतत प्रयत्नशील रहने का संदेश दिया।

07/09/2025 | Dhamtari | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/




हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Dhamtari Bhoomi - 08 Sep 2025 - Page 3

## शिक्षक जीवन को दिशा देने वाला सच्चा मार्गदर्शक होता है : बैनर्जी

■ आमदी कॉलेज में शिक्षक दिवस समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)





शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में रासेयो इकाई के तत्वावधान में शिक्षक दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

डुमेश्वरी एवं तुलसीरानी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। वरिष्ठ सहा. प्राध्यापक तरुण बैनर्जी ने कहा कि शिक्षक केवल पुस्तक का ज्ञान देने वाला नहीं होता बल्कि वह विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देने वाला सच्चा मार्गदर्शक होता है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक सशक्त और संवेदनशील व्यक्तित्व का निर्माण करना है। विद्यार्थियों का दायित्व है कि वे गुरुजनों के मार्गदर्शन को आत्मसात कर उसे अपने जीवन में उतारें। अंकित बोधवानी ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा साधन बताया और विद्यार्थियों से तकनीकी दक्षता के साथ मानवीय संवेदनाओं को भी आत्मसात करने का आग्रह किया।

रासेयो अधिकारी डीगेश्वर अटल ने गुरु स्वयंसेवकों को शिक्षा के साथ समाजसेवा के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। अतिथि सहायक प्राध्यापक युगेश्वर साहू, मन्नूलाल साहू, रमेश सिंह एवं डा. उपमा ने विद्यार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने, गुरुजनों का सम्मान करने, अर्जित ज्ञान को समाज कल्याण में लगाने तथा उत्कृष्टता की ओर सतत प्रयत्नशील रहने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों संदीप, कुणाल, मोनिश, डुमेश्वरी, कीर्ति, शिप्रा, ट्विंकल, तुलसीरानी, खुशबू एवं योगिता साहू का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संचालन स्वयंसेवक संगीता साहू एवं युक्ति तिवारी ने किया।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा

Dhamtari - 08 Sep 2025 - 08dmt4
epaper.navabharat.news

## दिशा देने वाला मार्गदर्शक है शिक्षक

### आमदी कॉलेज में किया गया शिक्षकों का सम्मान



नवभारत ब्यूरो । धमतरी।

शासकीय नवीन कॉलेज आमदी में रासेयो इकाई के तत्वाधान में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महान दार्शनिक, शिक्षक एवं भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को स्मरण करना और शिक्षा के महत्व को रेखांकित करना रहा। डुमेश्वरी एवं तुलसी रानी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी ने कहा कि शिक्षक केवल पुस्तक का ज्ञान देने वाला नहीं होता बल्कि वह विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देने वाला सच्चा मार्गदर्शक होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक सशक्त और संवेदनशील व्यक्तित्व का निर्माण करना है। शिक्षक का कर्तव्य विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानना और उसे निखारना है, वहीं विद्यार्थियों का दायित्व है कि वे गुरुजनों के मार्गदर्शन को आत्मसात कर उसे अपने जीवन में उतारें। अंकित बोधवानी ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा साधन बताया और विद्यार्थियों से तकनीकी दक्षता के साथ मानवीय संवेदनाओं को भी आत्मसात करने का आग्रह किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने गुरु-शिष्य परम्परा की गरिमा पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को शिक्षा के साथ समाजसेवा के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। अतिथि सहायक प्राध्यापक युगेश्वर साहू, मन्नूलाल साहू, रमेश सिंह एवं डॉ. उपमा ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम का क्रियान्वयन रासेयो के स्वयंसेवकों संदीप कुमार, कुणाल, मोनीश, डुमेश्वरी, कीर्ति, शिप्रा, ट्विंकल, तुलसी रानी, खुशबू एवं योगिता साहू ने किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक पूर्वी, संगीता साहू एवं युक्ति तिवारी ने किया।

## 11. आमदी कॉलेज में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में सेमिनार एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

आमदी कॉलेज में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में सेमिनार एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन, आज दिनांक 12 सितंबर 2025 को शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला–धमतरी) में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में सेमिनार एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ।कार्यक्रम में नगर पंचायत आमदी की अध्यक्ष एवं जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री नागेंद्र साहू, श्री ज्ञानेश्वर साहू, श्री पवन जांगड़े, श्रीमती हीरा साहू तथा श्री जागेश्वर साहू उपस्थित रहे। स्वागत उद्बोधन में डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति साहू ने युवाओं को प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी, वहीं श्री नागेंद्र साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर छात्राएँ प्रिया मंडावी, युक्ति तिवारी, काम्या, दुर्गेश्वरी ढीमर एवं खुशबू ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंतर्गत "छत्तीसगढ़ : रजत जयंती तक का सफर" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 20 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रियंका (बी.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर) ने प्रथम तथा लीना साहू (बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का विशिष्ट योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल द्वारा किया गया तथा अंत में छत्तीसगढ़ महतारी की जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ एवं प्रेस कवरेज : समाचार पत्र कटिंग












**कार्यक्रम :** आमदी कॉलेज में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव मनाया गया, विभिन्न कार्यक्रम हुए

## रजत जयंती पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता प्रियंका प्रथम और लीना रही द्वितीय स्थान पर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

आमदी. शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में सेमिनार एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। रासेयो द्वारा छत्तीसगढ़ रजत जयंती तक का सफर विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में 20 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रियंका बीएससी तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान तथा लीना साहू बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को मुख्य अतिथि आमदी नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू व अतथियों ने पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आमदी नगर पंचायत आमदी अध्यक्ष ज्योति साहू थी। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के सदस्य नागेंद्र साहू, ज्ञानेश्वर साहू, पवन जांगड़े, हीरा साहू तथा नगर पंचायत आमदी के गणमान्य नागरिक जागेश्वर साहू शामिल हुए। प्रभारी प्राचार्य डॉ. जायसवाल ने छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के महत्व एवं आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने अपनी स्थापना के केवल 25 वर्षों में शिक्षा, संस्कृति, कृषि, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। महाविद्यालय परिवार के लिए यह अवसर गर्व का है कि हम इस ऐतिहासिक' पर्व का हिस्सा बन रहे हैं।

आमदी. आमदी महाविद्यालय में पोस्टर बनाओ स्पर्धा का हुआ आयोजन।

**छग ने विकास की नई ऊंचाइयां प्राप्त की : ज्योति**

मुख्य अतिथि ज्योति साहू ने भारत सरकार और छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य निर्माण के पश्चात छत्तीसगढ़ ने विकास की नई ऊंचाइयां प्राप्त की हैं। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण, स्व-सहायता समूहों और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिला है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस गौरवशाली यात्रा से प्रेरणा लेकर प्रदेश को नई दिशा देने में सक्रिय योगदान दें। विशिष्ट अतिथि नागेंद्र साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए उसमें योगदान देने वाले महान नेताओं और समाजसेवियों की भूमिका का उल्लेख किया। महाविद्यालय की छात्रा प्रिया मंडावी, युक्ति तिवारी, काम्या, दुर्गेश्वरी ढीमर और खुशबू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डीगेश्वर अटल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेमिनार कार्यक्रम के संयोजक तरुण बैनर्जी, युगेश्वर प्रसाद साहू, रमेश कुमार, मन्नूलाल साहू, डॉ उपमा आदि का सहयोग रहा।

**तैयारी :** समिति की हुई बैठक, बनाई गई रूपरेखा, राम-रावण संवाद का होगा आयोजन

**सहयोग :** पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए मुस्लिम समा



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती पर आमदी कॉलेज में सेमिनार एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

## राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ का विकास हुआ तेज

नवभारत ब्यूरो । धमतरी।

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में सेमिनार एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष एवं जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष ज्योति साहू उपस्थित रहीं। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति सदस्य नागेंद्र साहू, ज्ञानेश्वर साहू, पवन जांगड़े, हीरा साहू, जागेश्वर साहू शामिल हुए। प्रभारी प्राचार्य डॉ. जायसवाल ने रजत जयंती महोत्सव के महत्व एवं आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने अपनी स्थापना के केवल 25 वर्षों में शिक्षा, संस्कृति, कृषि, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। मुख्य अतिथि ज्योति साहू ने भारत सरकार और छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य निर्माण के पश्चात छत्तीसगढ़ ने विकास की नई ऊँचाइयाँ प्राप्त की हैं। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण, स्व-सहायता समूहों और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिला है, उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस गौरवशाली यात्रा से प्रेरणा लेकर प्रदेश को नई दिशा देने में सक्रिय योगदान दें। विशिष्ट अतिथि नागेंद्र साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए उसमें योगदान देने वाले महान नेताओं और समाजसेवियों की भूमिका का उल्लेख किया। इसी क्रम में महाविद्यालय की छात्राएँ प्रिया मंडावी, युक्ति तिवारी, काम्या, दुर्गेश्वरी ढीमर और खुशबू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। पोस्टर प्रतियोगिता राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसका विषय छत्तीसगढ़ रजत जयंती तक का सफर' रखा गया था, जिसमें 20 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रियंका बीएससी तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान तथा लिना साहू बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को मुख्य अतिथि ज्योति साहू व विशिष्ठ अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सेमिनार कार्यक्रम के संयोजक तरुण बैनर्जी, महाविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद साहू, रमेश कुमार, मन्नू लाल साहू, डॉ. उपमा तथा समस्त छात्र-छात्राओं का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने किया।

## 12. आमदी कॉलेज में स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन

आमदी कॉलेज में स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन, आज दिनांक 16 सितंबर 2025 को शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला–धमतरी) में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई के तत्वावधान में स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वदेशी चेतना, आत्मनिर्भरता तथा उद्यमिता के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा उन्हें स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के प्रेरक उद्बोधन से हुआ। उन्होंने स्वदेशी उद्यमिता को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री जगदीश पटेल (प्रांत संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच, छत्तीसगढ़) तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में श्रीमती सुमन मुथा (वकील एवं अध्यक्ष, सोफ्ट एनजीओ, रायपुर) उपस्थित रहीं। इसके साथ ही नगर पंचायत आमदी की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मुख्य वक्ता श्री जगदीश पटेल ने स्वदेशी आंदोलन को आत्मगौरव एवं आत्मनिर्भरता का अभियान बताते हुए विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ कौशल को जोड़ने तथा स्वयं रोजगार सृजनकर्ता बनने का आह्वान किया। वहीं श्रीमती सुमन मुथा ने विद्यार्थियों को भारत में निर्मित वस्तुओं के उपयोग की शपथ दिलाई तथा मेक इन इंडिया एवं स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं की जानकारी देकर उद्यमिता के अवसरों से लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर श्रीमती ज्योति साहू ने स्थानीय संसाधनों के सदुपयोग को आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण आधार बताया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ, विद्यार्थियों एवं 90 से अधिक राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) स्वयंसेवकों का विशिष्ट योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल द्वारा किया गया।

# कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ  एवं  प्रेस कवरेज : समाचार पत्र कटिंग









नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा

Dhamtari - 19 Sep 2025 - 19dmt4
epaper.navabharat.news

## स्वदेशी उद्यमिता आज की जरुरत

### शासकीय आमदी कॉलेज में स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन हुआ





**धमतरी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जगदीश पटेल प्रांत संयोजक स्वदेशी जागरण मंच तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में सुमन मुथा वकील व अध्यक्ष सोफ्ट एनजीओ रायपुर उपस्थित रहीं। साथ ही ज्योति साहू अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी, नामदेव राय उपस्थित थे। प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि स्वदेशी उद्यमिता आज के समय की सशक्त आवश्यकता है। मुख्य वक्ता जगदीश पटेल ने भारत के स्वदेशी अभियान और स्वावलंबी भारत की संकल्पना को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के समय चलाए गए स्वदेशी आंदोलन केवल विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार नहीं थे, बल्कि आत्मगौरव, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की ज्योति प्रज्वलित करने वाले अभियान थे। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ कौशल को जोड़ें और केवल नौकरी की प्रतीक्षा न करें, बल्कि स्वयं रोजगार सृजनकर्ता बनें। श्री पटेल ने छत्तीसगढ़ के उन युवाओं के उदाहरण प्रस्तुत किए, जिन्होंने अपने नवाचार और परिश्रम से उद्यमिता का मार्ग अपनाकर समाज में नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी यदि स्वदेशी चेतना और उद्यमिता की राह पकड़ लें, तो आने वाला भारत और अधिक समृद्ध व सशक्त होगा। सुमन मुथा ने विद्यार्थियों को भारत में निर्मित वस्तुओं के उपयोग हेतु शपथ दिलाते हुए कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का संकल्प लें, तो भारत विश्व में सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बन सकता है। उन्होंने मेक इन इंडिया एवं स्टार्ट-अप इंडिया जैसी योजनाओं की जानकारी देकर बताया कि आज भारत तेजी से वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ रहा है। ज्योति साहू ने आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्थानीय संसाधनों का सदुपयोग ही सतत विकास का आधार है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध संसाधनों पर आधारित सूक्ष्म उद्यमों को आत्मनिर्भरता की सशक्त राह बताया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद साहू, रमेश कुमार, मन्नू लाल साहू, डॉ. उपमा तथा रासेयो स्वयंसेवक दिव्या पटेल, योगिता पटेल, प्राची, टविंकल, वेदप्रकाश आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने किया।

पत्रिका

**आयोजन:** आमदी में स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का हुआ आयोजन

## युवा स्वयं रोजगार सृजनकर्ता बनें: जगदीश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**धमतरी.** आमदी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जगदीश पटेल, प्रांत संयोजक स्वदेशी जागरण मंच छत्तीसगढ़ तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में सुमन मुथा अधिवक्ता, आमदी नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, नामदेव राय, भारती राय एवं रामअवतार उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वदेशी उद्यमिता आज के समय की सशक्त आवश्यकता है। मुख्य वक्ता जगदीश पटेल ने कहा कि भारत के स्वदेशी अभियान और स्वावलंबी भारत की संकल्पना को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के समय चलाए गए स्वदेशी आंदोलन केवल विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार नहीं थे, बल्कि आत्मगौरव, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की ज्योति प्रज्वलित करने वाला अभियान था। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ कौशल को जोड़ें और केवल नौकरी की प्रतीक्षा न करें, बल्कि स्वयं रोजगार सृजनकर्ता बनें। श्री पटेल ने छत्तीसगढ़ के उन युवाओं के उदाहरण प्रस्तुत किए, जिन्होंने अपने नवाचार और परिश्रम से उद्यमिता का मार्ग अपनाकर समाज में नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी यदि स्वदेशी चेतना और उद्यमिता की राह पकड़ लें, तो आने वाला भारत और अधिक समृद्ध व सशक्त होगा। सुमन मुथा ने विद्यार्थियों को भारत में निर्मित वस्तुओं के उपयोग के लिए शपथ दिलाते हुए कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का संकल्प लें, तो भारत विश्व में सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बन सकता है। उन्होंने मेक इन इंडिया एवं स्टार्ट-अप इंडिया जैसी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि आज भारत तेजी से वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ रहा है।

17/09/2025 | Dhamtari | Page : 2
Source : https://epaper.patrika.com/

## 13. आमदी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

आमदी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन, आज दिनांक 20 सितंबर 2025 को शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला–धमतरी) में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई के तत्वावधान में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों, उद्देश्यों एवं सामाजिक सेवा के महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद एवं माता सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर डुमेश्वरी एवं तुलसी रानी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं रासेयो लक्ष्य गीत ने वातावरण को उत्साह एवं ऊर्जा से भर दिया।

इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री तरुण बैनर्जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी संस्था का वास्तविक सौंदर्य उसकी इमारतों में नहीं बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में निहित होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को सेवा, अनुशासन एवं नेतृत्व के गुण विकसित करने का अवसर प्रदान करती है।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता संत गुरु घासीदास पीजी कॉलेज कुरूद की रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रेणू पाटले ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल प्रमाणपत्र प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन की एक पाठशाला है, जहाँ स्वयंसेवक समाज की समस्याओं को समझते हुए जिम्मेदार नागरिक बनना सीखते हैं। उन्होंने रासेयो की नियमित गतिविधियों, विशेष शिविरों तथा ए, बी एवं सी प्रमाण पत्रों की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित भूतपूर्व स्वयंसेवक संकेत कुमार एवं प्रियंका साहू ने अपने अनुभव साझा करते हुए स्वयंसेवकों को समाज के लिए प्रेरणादायी कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अतिथि प्राध्यापक श्री युगेश्वर साहू, श्री रमेश सिंह, श्री मन्नू साहू सहित स्वयंसेवक दिव्या पटेल, खुशबू, योगिता पटेल, प्राची, योगिता साहू, वेद प्रकाश, हिमांशु, मोनीश, कुणाल, साहिल, कीर्ति, सोमेश्वर, इंद्रमण, काम्या, डेमीन आदि का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन स्वयंसेविका संगीता एवं पूर्वी द्वारा किया गया। इस अवसर पर 60 से अधिक राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही।

# कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ एवं प्रेस कवरेज : समाचार पत्र कटिंग















हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Dhamtari Bhoomi - 23 Sep 2025 - Page 2

## नवीन महाविद्यालय आमदी में हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम

## रासेयो केवल प्रमाण-पत्र नहीं, बल्कि जीवन की पाठशाला है : रेणु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में रासेयो इकाई एवं रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में उन्मुखीकरण रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में हुआ।

इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी ने कहा कि किसी भी संस्था का वास्तविक सौंदर्य केवल उसकी इमारतों में नहीं बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में निहित होता है। रासेयो और रेडरिबन क्लब विद्यार्थियों के लिए वही मंच है, जहां सेवा, अनुशासन और नेतृत्व के गुण विकसित होते हैं।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता संत गुरु घासीदास पीजी कालेज कुरूद की रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रेणु पाटले ने कहा कि रासेयो केवल प्रमाण-पत्र का माध्यम नहीं है, बल्कि जीवन की पाठशाला है। यहां स्वयंसेवक सेवा करना सीखता है। समाज के दुख दर्द को समझना सीखता है और जिम्मेदार नागरिक बनना सीखता है। उन्होंने रेड रिबन क्लब के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह क्लब युवाओं में एचआईवी एड्स की रोकथाम, रक्तदान की प्रेरणा, नशामुक्ति, लैंगिक समानता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देता है।

विशिष्ट अतिथि भूतपूर्व स्वयंसेवक संकेत कुमार और प्रियंका साहू ने भी अपने अनुभव साझा किए। संकेत ने राष्ट्रीय एकता शिविर (हिसार, हरियाणा 2024) और स्वतंत्रता दिवस 2025 में विशिष्ट अतिथि बनने के अनुभव बताए। इस आयोजन में अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर साहू, रमेश सिंह, मन्नू साहू सहित स्वयंसेवक दिव्या पटेल, खुशबू, योगिता पटेल, प्राची, योगिता साहू, वेदप्रकाश, हिमांशु, मोनीश, कुणाल, साहिल, कीर्ति, सोमेश्वर, इंद्रमण, काम्या, डेमिन का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका संगीता एवं पूर्वी ने किया।



नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा

Dhamtari - 22 Sep 2025 - 22dmt4
epaper.navabharat.news

## रासेयो जीवन की पाठशाला है– रेणू

### संस्था का सौंदर्य बच्चों के व्यक्तित्व में निहित- तरूण

### आमदी कॉलेज में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**धमतरी।** शासकीय नवीन कॉलेज आमदी में रासेयो इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में किया गया। डुमेश्वरी एवं तुलसी रानी द्वारा प्रस्तुत मधुर सरस्वती वंदना और रासेयो लक्ष्य गीत ने पूरे माहौल को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी ने कहा कि किसी भी संस्था का वास्तविक सौंदर्य केवल उसकी इमारतों में नहीं बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में निहित होता है। रासेयो और रेड रिबन क्लब विद्यार्थियों के लिए वही मंच है, जहाँ सेवा, अनुशासन और नेतृत्व के गुण विकसित होते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को यह संदेश दिया कि यदि वे समाज की छोटी-छोटी समस्याओं को समझकर समाधान की दिशा में प्रयास करें तो उनमें से हर एक समाज परिवर्तन का वाहक बन सकता है। मुख्य वक्ता संत गुरु घासीदास पीजी कॉलेज कुरूद की रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रेणु पाटले ने कहा कि रासेयो केवल एक प्रमाणपत्र का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन का पाठशाला है। यहाँ स्वयंसेवक सेवा करना सीखता है, समाज के दुख-दर्द को समझना सीखता है और जिम्मेदार नागरिक बनना सीखता है। उन्होंने एनएसएस की नियमित साप्ताहिक गतिविधियोंए विशेष शिविरों और ए, बी, सी प्रमाण पत्रों की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने रेड रिबन क्लब के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह क्लब युवाओं में एचआईवी-एड्स की रोकथाम, रक्तदान की प्रेरणा, नशामुक्ति, लैंगिक समानता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि स्वयंसेवक सेवा और जागरूकता दोनों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें, तो वे न केवल अपने जीवन को ऊँचाई देंगे बल्कि समाज के लिए भी आशा की किरण बनेंगे। विशिष्ट अतिथि संकेत कुमार और प्रियंका साहू ने अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर साहू, रमेश सिंह, मन्नू साहू सहित स्वयंसेवक दिव्या पटेल, खुशबू, योगिता पटेल, प्राची, योगिता साहू, वेद प्रकाश, हिमांशु, मोनीश, कुणाल, साहिल, कीर्ति, सोमेश्वर, इंद्रमण, काम्या, डेमीन आदि उपस्थित थे।

## 14. आमदी कॉलेज की रासेयो इकाई द्वारा ग्राम पोटियाडीह में स्वच्छता अभियान का आयोजन

दिनांक **21 सितंबर 2025** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला-धमतरी)** की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा *"स्वच्छता ही सेवा"* अभियान के अंतर्गत **ग्राम पोटियाडीह** में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य **डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल** के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी **श्री डीगेश्वर अटल** के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर, बाजार क्षेत्र एवं पंचायत परिसर में साफ-सफाई कर कचरा एकत्रित किया तथा ग्रामवासियों को **"स्वच्छ ग्राम - स्वस्थ ग्राम"** का संदेश देते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में **50 से अधिक रासेयो स्वयंसेवकों** की सक्रिय सहभागिता रही।

**कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ**









## 15. आमदी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन

दिनांक **25 सितंबर 2025** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला-धमतरी)** में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) **स्थापना दिवस** हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य **डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल** के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी **श्री डीगेश्वर अटल** के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिक्षा को समाज से जोड़ने का सशक्त माध्यम है, जो विद्यार्थियों में सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करती है। वहीं कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल ने स्वयंसेवकों को **"मैं नहीं, आप"** के आदर्श वाक्य की भावना को जीवन में अपनाते हुए समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने राष्ट्र एवं समाज सेवा के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं **65 से अधिक रासेयो स्वयंसेवकों** की सक्रिय सहभागिता रही।

**कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ एवं प्रेस कवरेज : समाचार पत्र कटिंग**






हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Dhamtari Bhoomi - 26 Sep 2025 - Page 2

**'मैं नहीं, आप' युवाओं के लिए एक जीवन मंत्र : अटल**

■ युवा शक्ति के संकल्प के साथ आमदी कालेज में मना रासेयो का स्थापना दिवस

आमदी(धमतरी)। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में रासेयो का स्थापना दिवस प्रभारी प्राचार्य डा. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में मनाया गया। डा. जायसवाल ने कहा कि रासेयो हमें यह सिखाती है कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य समाज के प्रति संवेदनशील बनना है। इससे जुड़कर छात्र न केवल सेवा भावना सीखते हैं बल्कि नेतृत्व, अनुशासन और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों को भी विकसित करते हैं। श्री अटल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि रासेयो का आदर्श वाक्य मैं नहीं, आप युवाओं के लिए एक जीवन मंत्र है। जब छात्र समाजसेवा में जुड़ते हैं तो वे देश के विकास की सबसे बड़ी ताकत बनते हैं। कार्यक्रम में अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर साहू, रमेश सिंह, मन्नू साहू सहित स्वयंसेवक संगीता, पूर्वी, खुशबू, प्राची, रूचि, दुर्गेश्वरी, योगिता साहू, वेदप्रकाश, तुलसीरानी, मोनीश, कुणाल, साहिल, काम्या, डेमीन का योगदान रहा।

## 16. खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वास्थ्य एवं टीम भावना का संदेश

दिनांक **25 सितंबर 2025** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला-धमतरी)** की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा **स्वच्छता पखवाड़ा** के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में **खेलकूद प्रतियोगिताओं** का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य **डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल** के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी **श्री डीगेश्वर अटल** के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत **शतरंज, कैरम एवं बैडमिंटन** प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं रासेयो स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।

### कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ












## 17. स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक **27.09.2025** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी** की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में **स्वच्छता अभियान** चलाया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य **डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल** के मार्गदर्शन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखना तथा छात्र-छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित करना था। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने प्रवेश द्वार, कक्षाओं के आसपास, गलियारों एवं अन्य स्थानों की साफ-सफाई कर कचरे एवं प्लास्टिक का संकलन कर उसका उचित निस्तारण किया तथा स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस अभियान में महाविद्यालय परिवार सहित **35 से अधिक रासेयो स्वयंसेवकों** की सक्रिय सहभागिता रही।

### कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ









## 18. रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पलारी में स्वच्छता जागरूकता अभियान

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक **28.09.2025** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी** की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा **ग्राम पलारी** में स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य **डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल** के मार्गदर्शन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छ वातावरण निर्माण हेतु जनभागीदारी को प्रेरित करना था। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने ग्राम के प्रमुख स्थलों एवं सार्वजनिक मार्गों पर साफ-सफाई कर कचरे व प्लास्टिक का संकलन कर उसका उचित निस्तारण किया। साथ ही ग्रामीणों को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता तथा प्लास्टिक उपयोग में कमी लाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार, **40 से अधिक रासेयो स्वयंसेवक** एवं ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही।

### कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ












## 19. स्वच्छता ही सेवा: गांधी जयंती पर विशेष स्वच्छता अभियान

दिनांक **02 अक्टूबर 2025** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला-धमतरी)** में **महात्मा गांधी जयंती** के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई के तत्वावधान में **वृहद स्वच्छता अभियान** आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य **डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल** के निर्देशन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी **श्री डीगेश्वर अटल** के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता विषयक गीतों के गायन से हुआ। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने श्रमदान करते हुए महाविद्यालय परिसर में फैले खरपतवार हटाए, कक्षाओं एवं गलियारों की सफाई की तथा कचरे व प्लास्टिक का संकलन कर उसका उचित निस्तारण किया। इस अभियान के माध्यम से परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने के साथ स्वच्छता का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने स्वयंसेवकों की सेवा भावना और परिश्रम की सराहना की। इस अभियान में **कुणाल, संदीप, साहिल, इन्द्रमण, कीर्ति, दिव्या पटेल, मोनिश, संगीता, योगिता साहू, डुमेश्वरी, शिप्रा सहित 60 से अधिक रासेयो स्वयंसेवकों** की सक्रिय सहभागिता रही।

**कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ**






## 20. छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति संरक्षण हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम

दिनांक **15 अक्टूबर 2025** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला-धमतरी)** की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति के संरक्षण एवं प्रसार के उद्देश्य से **छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम** आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य **डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल** के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी **श्री डीगेश्वर अटल** के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा **सुआ नृत्य, राउत नाचा एवं गौरी-गौरा** जैसे पारंपरिक लोक नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिससे महाविद्यालय परिसर लोक संस्कृति के रंग में सराबोर हो उठा। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य ने विद्यार्थियों को अपनी लोक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में तुलसी रानी, दुर्गेश्वरी ढीमर, विभा, खुशबू साहू, दिव्या पटेल, तृप्ति, शालिनी एवं उनके साथियों ने प्रस्तुतियाँ दीं। साथ ही अतिथि प्राध्यापक एवं महाविद्यालय स्टाफ की उपस्थिति में **60 से अधिक रासेयो स्वयंसेवकों** की सक्रिय सहभागिता रही।

**कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ एवं प्रेस कवरेज : समाचार पत्र कटिंग**







नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 18 Oct 2025 - 18dmt2
epaper.navabharat.news

आयोजन

सुआ, राउत नाचा और गौरी-गौरा गीत से गूंजा कॉलेज परिसर

लोक संस्कृति के रंग में रंगा आमदी कॉलेज

धमतरी। शासकीय नवीन कॉलेज आमदी की रासेयो इकाई द्वारा प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और लोक परंपराओं को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने लोक संस्कृति को सजीव करते हुए सुआ नृत्य, राउत नाचा और गौरी-गौरा जैसे पारंपरिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति दी। पूरे परिसर में ढोलक, झांझ और मंजीरे की थाप के साथ छत्तीसगढ़ी गीतों की गूंज से वातावरण लोकरंग में रंग गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन की भावना को प्रोत्साहित करना था। प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपरा में छत्तीसगढ़ी गीतों और लोक नृत्यों का विशेष महत्व है। ये केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, लोक आस्था और जीवन दर्शन के प्रतीक हैं। इनसे हमारी संस्कृति एवं परम्पराएं और अधिक समृध्द होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने क्षेत्र की लोक परंपराओं को आत्मसात कर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रासेयो स्वयंसेवकों ने उत्साह, अनुशासन और सांस्कृतिक समर्पण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। तुलसी रानी एवं साथी, दुर्गेश्वरी ढीमर एवं साथी, विभा एवं साथी, खुशबू साहू एवं साथी, दिव्या पटेल एवं साथी, तृप्ति एवं साथी, शालिनी एवं साथी आदि ने पारंपरिक नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी। अतिथि प्राध्यापकों युगेश्वर प्रसाद, रमेश सिंह, मन्नूलाल साहू, डॉ. उपमा ने छात्र-छात्राओं की सराहना की। कार्यक्रम की सफलता में वरिष्ठ स्वयंसेवक वेदप्रकाश, साहिल, मोनीश, इंद्रमण, सोमप्रकाश, हिमांशु, आदित्य, डुमेश्वरी, कीर्ति, पूर्वी, युक्ति तिवारी, प्रिया मंडावी आदि का विशेष योगदान रहा। आभार प्रदर्शन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने किया।

लोक जीवन की आत्मा को सहेजने का सृजनात्मक प्रयास



लोक संस्कृति के रंग में रंगा आमदी कॉलेज, सुआ राउत नाचा, गौरी-गौरा गीत और नृत्य से गूंजा परिसर

- छत्तीसगढ़ी लोक जीवन की आत्मा को सहेजने का एक सृजनात्मक प्रयास

आमदी (प्रखर)। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी, जिला धमतरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और लोक परंपराओं को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने प्रदेश की लोक संस्कृति को सजीव करते हुए सुआ नृत्य, राउत नाचा और गौरी-गौरा जैसे पारंपरिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। पूरे परिसर में ढोलक, झांझ और मंजीरे की थाप के साथ छत्तीसगढ़ी गीतों की गूंज से वातावरण लोक रंग में रंग गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन की भावना को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपरा में छत्तीसगढ़ी गीतों और लोक नृत्यों का विशेष महत्व है। ये केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, लोक आस्था और जीवन दर्शन के प्रतीक हैं। इनसे हमारी संस्कृति एवं परम्पराएं और अधिक समृध्द होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने क्षेत्र की लोक परंपराओं को आत्मसात कर आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साह, अनुशासन और सांस्कृतिक समर्पण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। तुलसी रानी एवं साथी, दुर्गेश्वरी ढीमर एवं साथी, विभा एवं साथी, खुशबू साहू एवं साथी, दिव्या पटेल एवं साथी, तृप्ति एवं साथी, शालिनी एवं साथी आदि ने पारंपरिक नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी। महाविद्यालय के अतिथि प्राध्यापकों युगेश्वर प्रसाद, रमेश सिंह, मन्नू लाल साहू, डॉ. उपमा व समस्त कार्यालयीन स्टॉफ ने छात्र-छात्राओं की खूब प्रशंसा किया। कार्यक्रम की सफलता में वरिष्ठ स्वयंसेवक वेदप्रकाश, साहिल, मोनीश, इंद्रमण, सोमप्रकाश, हिमांशु, आदित्य, डुमेश्वरी, कीर्ति, पूर्वी, युक्ति तिवारी, प्रिया मंडावी आदि का विशेष योगदान रहा। इनके समर्पण और सहयोग से कार्यक्रम का संचालन सुचारु एवं अनुशासित रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल द्वारा किया गया।


नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विकास कुमार (VIKAS KUMAR) पिता मुकेश कुमार देवांगन (MUKESH KUMAR DEWANGAN) रामनगर चौक, पानी टंकी लोहार तालाब के पास ग्राम कोसमर्रा तहसील भखारा जिला धमतरी (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूं। मेरे वर्तमान आधार कार्ड (7577 7155 3935) में मेरा नाम विकास कुमार (VIKAS KUMAR) अंकित है जो सत्य एवं सही है। यह कि मेरे नाम से बजाज लाईफ इंन्स्योरेंस कंपनी लिमिटेड (BAJAJ LIFE INSURANCE COMPANY) में पालिसी संख्या 0150541 5 1संचालित है जिसमें मेरा नाम विकास देवांगन VIKAS DEWANGAN) अंकित

## 21. ग्राम कँवर में रासेयो का एक दिवसीय सेवा एवं जागरूकता शिविर

दिनांक **16 अक्टूबर 2025** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला-धमतरी)** की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा **ग्राम कँवर (जिला-बालोद)** में *"सेवा के संग - नशामुक्त मन, स्वच्छ गांव व स्वस्थ पशुधन"* विषय पर **एक दिवसीय विशेष शिविर** आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य **डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल** के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी **श्री डीगेश्वर अटल** के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर के अंतर्गत **पशु चिकित्सा शिविर** आयोजित कर पशुओं का उपचार, एफ.एम.डी. टीकाकरण, कृमिनाशक दवा, बधियाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान किया गया तथा पशुपालन संबंधी शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंचायत परिसर, बाजार चौक एवं चंडी मंदिर परिसर में **स्वच्छता अभियान** चलाया गया तथा *"नशा मुक्त ग्राम - सशक्त समाज"* का संदेश देते हुए **साइकिल रैली** निकाली गई।

कार्यक्रम के दौरान **साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र** भी आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी से बचाव एवं हेल्पलाइन **1930** की जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में **60 से अधिक रासेयो स्वयंसेवकों** की सक्रिय सहभागिता रही।

**कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ एवं प्रेस कवरेज : समाचार पत्र कटिंग**

















**हरिभूमि**

epaper.haribhoomi.com
Dhamtari Bhoomi - 25 Oct 2025 - Page 2

## आमदी कॉलेज ने कंवर में लगाया रासेयो शिविर

# ग्राम कंवर में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी, धमतरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में ग्राम कँवर (जिला–बालोद) में सेवा के संग– नशामुक्त मन, स्वच्छ गांव व स्वस्थ पशुधन विषय पर एक दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर के अंतर्गत समाज सेवा, जन जागरूकता एवं ग्राम विकास को केंद्र में रखकर विभिन्न गतिविधियाँ संपन्न हुई।



शिविर के प्रथम चरण में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 34 पशुओं का उपचार, 870 पशुओं का एफ.एम.डी. टीकाकरण, 40 पशुओं को क्रीमीनाशक दवापान, 12 पशुओं का बधियाकरण तथा 13 पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को बैकयार्ड कुक्कुट पालन, राज्य डेयरी उद्यमिता योजना एवं उन्नत मादा वत्स पालन योजना जैसी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में पशु विभाग गुरुर से डॉ. बी.के. विश्वकर्मा, डॉ. एस.के. पाण्डेय एवं उनकी टीम के सदस्य आशीष साहू, मनीष कुमार, रोहन कुमार एवं योगेश सेन उपस्थित रहे जिन्होंने ग्रामीणों को पशु स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित जानकारी दी। शिविर के दूसरे चरण में स्वच्छता अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत परिसर, बाजार चौक एवं चंडी मंदिर परिसर की साफ–सफाई की गई। इसके साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्त ग्राम–सशक्त समाज का संदेश लेकर पूरे गांव में साइकिल रैली निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। किसी भी साइबर अपराध की सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें। उनके साथ आरक्षक सुनील बघेल, नरेंद्र मेजर एवं देवेंद्र भंडारी उपस्थित रहे जिन्होंने स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों को साइबर सुरक्षा के व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में समाज सेवा की भावना जागृत कर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाती है। इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और ग्रामोन्नति के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। ग्राम कँवर के सरपंच श्री बालचंद टंडन ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने ग्राम में स्वच्छता, नशा मुक्ति और पशु स्वास्थ्य के प्रति जो जागरूकता फैलाई है, वह सराहनीय है। ऐसे कार्यक्रम ग्राम के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर उपसरपंच नवीन कुमार, पंच रूपेंद्र कुमार, ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय सहा. प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित कुमार बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद साहू, रमेश कुमार, मन्नू लाल साहू, डॉ. उपमा तथा स्वयंसेवकों में वेदप्रकाश, साहिल, मोनिश, केमेन्द्र, इन्द्रमण, योगिता, डुमेश्वरी, कीर्ति, वर्षा, हिमांशु, दिव्या, प्राची, रेणुका आदि का विशेष योगदान रहा।

**पत्रिका**

आयोजन: पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, रैली निकालकर लोगों को किया गया जागरूक

# आमदी कॉलेज के रासेयो छात्रों ने लगाया शिविर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**आमदी.** आमदी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में ग्राम कंवर में सेवा के संग-नशामुक्त मन, स्वच्छ गांव व स्वस्थ पशुधन विषय पर एक दिवसीय विशेष शिविर आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम चरण में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। 34 पशुओं का उपचार, 870 पशुओं का एफएमडी टीकाकरण, 40 पशुओं को क्रीमीनाशक दवापान, 12 पशुओं का बधियाकरण तथा 13 पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को बैकयार्ड कुक्कुट पालन, राज्य डेयरी उद्यमिता योजना एवं उन्नत मादा वत्स पालन योजना जैसी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पशु विभाग गुरुर से डॉ बीके विश्वकर्मा, डॉ एसके पाण्डेय एवं उनकी टीम के सदस्य आशीष साहू, मनीष कुमार, रोहन कुमार एवं योगेश सेन उपस्थित रहे। जिन्होंने ग्रामीणों को पशु स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित जानकारी दी। शिविर के दूसरे चरण में स्वच्छता अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत परिसर, बाजार चौक एवं चंडी मंदिर परिसर की साफ- सफाई की गई। इसके साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्त ग्राम सशक्त समा का संदेश लेकर पूरे गांव में साइकिल रैली निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के तीसरे चरण में साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। संचालन ग्राम कंवर चौकी प्रभारी लता तिवारी ने किया। उन्होंने ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, और साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि मोबाइल ओटीपी, बैंक डिटेल्स या व्यक्तिगत जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति से साझा न करें तथा किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। किसी भी साइबर अपराध की सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें। उनके साथ आरक्षक सुनील बघेल, नरेंद्र मेजर एवं देवेंद्र भंडारी उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों को साइबर सुरक्षा के व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उपसरपंच नवीन, पंच रूपेंद्र, सहा. प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी, प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद साहू, रमेश, मन्नूलाल साहू, डॉ.उपमा तथा स्वयंसेवकों में वेदप्रकाश, साहिल, मोनिश, केमेन्द्र, इन्द्रमण, योगिता, डुमेश्वरी, कीर्ति, वर्षा, हिमांशु, दिव्या, प्राची, रेणुका आदि का विशेष योगदान रहा।




### सरपंच ने कार्यक्रम की सराहना की

प्रभारी प्राचार्य डॉ गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में समाज सेवा की भावना जागृत कर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाती है। इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और ग्रामोन्नति के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। कंवर सरपंच बालचंद टंडन ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने ग्राम में स्वच्छता, नशा मुक्ति और पशु स्वास्थ्य के प्रति जो जागरूकता फैलाई है, वह सराहनीय है। ऐसे कार्यक्रम ग्राम के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

24/10/2025 | Dhamtari | Page : 3
Source : https://epaper.patrika.com/

## 22. सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर एकता शपथ समारोह

दिनांक **31 अक्टूबर 2025** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला-धमतरी)** की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा **सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस** के अवसर पर **एकता शपथ कार्यक्रम** आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य **डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल** के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी **श्री डीगेश्वर अटल** के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य ने उनके राष्ट्रनिर्माण में योगदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को **राष्ट्रीय एकता की शपथ** दिलाई गई।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, स्टाफ तथा **60 से अधिक रासेयो स्वयंसेवकों** की सक्रिय सहभागिता रही।

**कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ एवं प्रेस कवरेज : समाचार पत्र कटिंग**






नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 04 Nov 2025 - 04dmt4
epaper.navabharat.news

**अनुशासन की प्रेरणा देता है सरदार पटेल का जीवन**

**धमतरी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में हुआ। प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारतीय एकता, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रनिष्ठा के प्रतीक थे। उन्होंने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और प्रशासनिक दक्षता से देश की सैकड़ों रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया। उनका जीवन त्यागए अनुशासन और समर्पण की प्रेरणा देता है। डॉ. जायसवाल ने कहा कि वे सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें और अपने जीवन में एकता, सहयोग तथा सेवा की भावना को अपनाएँ। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कार्यालयीन स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। सभी ने एक स्वर में देश की अखंडता, एकता और सुरक्षा को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित कुमार बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद साहू, रमेश कुमार, मन्नूलाल साहू, डॉ.उपमा तथा स्वयंसेवकों में साहिल, मोनिश, केमेन्द्र, इन्द्रमण, योगिता, डुमेश्वरी, कीर्ति, वर्षा, हिमांशु, दिव्या, प्राची, रेणुका, योगिता, विभा, डेमीन आदि का योगदान रहा।



पत्रिका

**आमदी में राष्ट्रीय एकता की दिलाई शपथ**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**आमदी.** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन में तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कार्यालयीन स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। सभी ने एक स्वर में देश की अखंडता, एकता और सुरक्षा को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित कुमार बोधवानी, युगेश्वर प्रसाद साहू, रमेश कुमार, मन्नू लाल साहू, डॉ उपमा तथा स्वयंसेवकों में साहिल, मोनिश, केमेन्द्र, इन्द्रमण, योगिता, डुमेश्वरी, कीर्ति, वर्षा, हिमांशु, दिव्या, प्राची आदि उपस्थित थे।

04/11/2025 | Dhamtari | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/



हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Dhamtari Bhoomi - 04 Nov 2025 - Page 2

**सरदार पटेल एकता, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र निष्ठा के प्रतीक थे : डॉ. जायसवाल**

- आमदी महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने मनाई लौह पुरुष की 150वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में मनाई गई।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जायसवाल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारतीय एकता, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रनिष्ठा के प्रतीक थे। उन्होंने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और प्रशासनिक दक्षता से देश की सैकड़ों रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया। उनका जीवन त्याग, अनुशासन और समर्पण की प्रेरणा देता है।

श्री जायसवाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें और अपने जीवन में एकता, सहयोग तथा सेवा की भावना को अपनाएं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम

अधिकारी डिगेश्वर अटल ने महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कार्यालयीन स्टाफ एवं छात्र-छात्रओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। सभी ने देश की अखंडता, एकता और सुरक्षा को बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद साहू, रमेश कुमार, मन्नूलाल साहू, डॉ. उपमा तथा स्वयंसेवकों साहिल, मोनिश, केमेन्द्र, इन्द्रमन, योगिता, डुमेश्वरी, कीर्ति, वर्षा, हिमांशु, दिव्या, प्राची, रेणुका, योगिता, विभा, डेमन का योगदान रहा।

## 23. सरदार @150 - राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता पर विविध कार्यक्रम

दिनांक **06 एवं 07 नवंबर 2025** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला-धमतरी)** की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा **"सरदार @150 - यूनिटी मार्च"** के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य **डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल** के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी **श्री डीगेश्वर अटल** के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत **निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं व्याख्यान माला** का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता **श्री तरुण बैनर्जी** (सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान) ने सरदार पटेल के जीवन, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका तथा भारत के राष्ट्रीय एकीकरण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

प्रतियोगिताओं में **प्रियंका साहू** (निबंध), **सत्यम कुमार** (वाद-विवाद पक्ष) एवं **संगीता** (वाद-विवाद विपक्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में **70 से अधिक रासेयो स्वयंसेवकों** की सक्रिय सहभागिता रही।













**हरिभूमि**

epaper.haribhoomi.com
Dhamtari Bhoomi - 09 Nov 2025 - Page 2

### आमदी महाविद्यालय के रासेयो इकाई ने मनाई लौहपुरुष की जयंती

## सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत की नींव रखी : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज >> आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य श्री पटेल के जीवन, आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम श्रृंखला में 'सरदार पटेल : एकीकृत भारत के निर्माता' विषय पर निबंध प्रतियोगिता, विविधता में एकता : भारत की सबसे बड़ी शक्ति और चुनौती दोनों विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा एकता में शक्ति : आज के युवाओं के लिए पटेल का संदेश पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि एकता भारत की आत्मा है। सरदार पटेल ने न केवल स्वतंत्र भारत की नींव रखी, बल्कि उन्होंने यह भी दिखाया कि विविधताओं से भरे देश को संगठित करना दृढ़ इच्छा शक्ति और अटूट निष्ठा से ही संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल की दृढ़ता, संगठन क्षमता और सेवा भावना को अपने जीवन में अपनाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

#### राष्ट्र की नींव के पत्थर थे

मुख्य वक्ता तरुण बैनर्जी सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान ने सरदार पटेल के जीवन संघर्ष, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका तथा राष्ट्रीय एकीकरण में उनके ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला। सरदार पटेल ने किसानों को संगठित कर अंग्रेजी शासन के विरुद्ध जन आंदोलन खड़ा किया। सरदार पटेल राष्ट्र की नींव के पत्थर थे, जिन्होंने एक भारत की संकल्पना को साकार किया। सरदार पटेल का जीवन दृढ़ संकल्प, निष्ठा और कर्मशीलता का प्रतीक है, जिससे आज के युवा अपने जीवन में प्रेरणा ले सकते हैं।

कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद साहू, रमेशकुमार, मन्नूलाल साहू, डॉ.उपमा तथा स्वयंसेवकों साहिल, केमेन्द्र, इन्द्रमन, योगिता, डुमेश्वरी, हिमांशु, दिव्या, प्राची, रेणुका, योगिता, विभा, डेमिन का योगदान रहा।

#### निबंध प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम



निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचारों के माध्यम से सरदार पटेल के आदर्शों को अभिव्यक्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम प्रियंका साहू बीएससी तृतीय सेमेस्टर, वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम सत्यम बीएससी तृतीय सेमेस्टर व विपक्ष में प्रथम संगीता बीएससी तृतीय सेमेस्टर रही। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी ने किया।

**नवभारत**

Dhamtari - 09 Nov 2025 - 09dmt4
epaper.navabharat.news

**कार्यक्रम** नवीन महाविद्यालय आमदी में हुआ निबंध प्रतियोगिता का आयोजन, व्याख्यान माला में पटेल का दिया संदेश

## सरदार पटेल ने किया देश की एकता व अखंडता को सशक्त

नवभारत ब्यूरो । धमतरी।

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा यूनिटी मार्च के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन, आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त बनाना रहा।



कार्यक्रम श्रृंखला में सरदार पटेल एकीकृत भारत के निर्माता विषय पर निबंध प्रतियोगिता, विश्वविधता में एकता भारत की सबसे बड़ी शक्ति और चुनौती दोनों विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा एकता में शक्ति आज के युवाओं के लिए पटेल का संदेश विषय पर एकदिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि एकता भारत की आत्मा है। सरदार पटेल ने न केवल स्वतंत्र भारत की नींव रखी, बल्कि उन्होंने यह भी दिखाया कि विविधताओं से भरे देश को संगठित करना दृढ़ इच्छा शक्ति और अटूट निष्ठा से ही संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल की दृढ़ता, संगठन क्षमता और सेवा भावना को अपने जीवन में अपनाएँ और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ। व्याख्यान माला के मुख्य वक्ता तरुण बैनर्जी सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान ने सरदार पटेल के जीवन संघर्ष, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका तथा राष्ट्रीय एकीकरण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने किसानों को संगठित कर अंग्रेजी शासन के विरुद्ध जनआंदोलन खड़ा किया और स्वतंत्रता के पश्चात जूनागढ़, हैदराबाद जैसी रियासतों को भारत में सम्मिलित कर देश की एकता को सशक्त किया। श्री बैनर्जी ने कहा कि सरदार पटेल राष्ट्र की नींव के पत्थर थे, जिन्होंने एक भारत की संकल्पना को साकार किया। उन्होंने युवाओं से कहा कि सरदार पटेल का जीवन दृढ़ संकल्प, निष्ठा और कर्मशीलता का प्रतीक है, जिससे आज के युवा अपने जीवन में प्रेरणा ले सकते हैं।

#### निबंध में प्रियंका साहू को मिला प्रथम स्थान

निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचारों के माध्यम से सरदार पटेल के आदर्शों को अभिव्यक्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियंका साहू बीएससी तृतीय सेमेस्टर, वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सत्यम कुमार बीएससी तृतीय सेमेस्टर व विपक्ष में प्रथम स्थान संगीता बीएससी तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित कुमार बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद साहू, रमेश कुमार, मन्नू लाल साहू, डॉ. उपमा तथा स्वयंसेवकों में साहिल, केमेन्द्र, इन्द्रमन, योगिता, डुमेश्वरी, हिमांशु, दिव्या, प्राची, रेणुका, योगिता, विभा, डेमीन आदि का योगदान रहा।

**पत्रिका**

**स्पर्धा :** आमदी कालेज में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर हुआ आयोजन

## निबंध स्पर्धा में प्रियंका साहू रही प्रथम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**आमदी.** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती के असर पर विविधि कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन, आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में सरदार पटेलः एकीकृत भारत के निर्माता विषय पर निबंध प्रतियोगिता, विविधता में एकताः भारत की सबसे बड़ी शक्ति और चुनौती दोनों विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा एकता में शक्ति, आज के युवाओं के लिए पटेल का संदेश विषय पर एकदिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।



**आमदी.** वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियंका साहू बीएससी तृतीय सेमेस्टर, वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सत्यम कुमार बीएससी तृतीय सेमेस्टर व विपक्ष में प्रथम स्थान संगीता बीएससी तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि एकता भारत की आत्मा है। सरदार पटेल ने न केवल स्वतंत्र भारत की नींव रखी, बल्कि उन्होंने यह भी दिखाया कि विविधताओं से भरे देश को संगठित करना दृढ़ इच्छा शक्ति और अटूट निष्ठा से ही संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल की दृढ़ता, संगठन क्षमता और सेवा भावना को अपने जीवन में अपनाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। व्याख्यान माला के मुख्य वक्ता तरुण बैनर्जी, सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) ने सरदार पटेल के जीवन संघर्ष, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका तथा राष्ट्रीय एकीकरण में उनके ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने किसानों को संगठित कर अंग्रेजी शासन के विरुद्ध जनआंदोलन खड़ा किया और स्वतंत्रता के पश्चात जूनागढ़, हैदराबाद जैसी रियासतों को भारत में शामिल कर देश की एकता को सशक्त किया।

#### सरदार पटेल संकल्प, निष्ठा के प्रतीक हैं

श्री बैनर्जी ने कहा कि सरदार पटेल राष्ट्र की नींव के पत्थर थे, जिन्होंने एक भारत की संकल्पना को साकार किया। उन्होंने युवाओं से कहा कि सरदार पटेल का जीवन दृढ़ संकल्प, निष्ठा और कर्मशीलता का प्रतीक है। इससे आज के युवा अपने जीवन में प्रेरणा ले सकते हैं। निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचारों के माध्यम से सरदार पटेल के आदर्शों को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ने किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित कुमार बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद साहू, रमेश कुमार, मन्नूलाल साहू, डॉ उपमा तथा स्वयंसेवकों में साहिल, केमेन्द्र, इन्द्रमण, योगिता, डुमेश्वरी, हिमांशु, दिव्या, प्राची, रेणुका आदि का योगदान रहा।

09/11/2025 | Dhamtari | Page : 2
Source : https://epaper.patrika.com/

## 24. रासेयो स्वयंसेवकों के लिए सात दिवसीय विशेष शिविर संबंधी मार्गदर्शन कार्यक्रम

दिनांक **08 नवंबर 2025** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला-धमतरी)** की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा नियमित गतिविधि के अंतर्गत **सात दिवसीय विशेष शिविर संबंधी मार्गदर्शन कार्यक्रम** आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयंसेवकों को शिविर के महत्व, उद्देश्यों एवं आवश्यक निर्देशों से अवगत कराना था। कार्यक्रम अधिकारी **श्री डीगेश्वर अटल** ने स्वयंसेवकों को शिविर की गतिविधियों–स्वच्छता अभियान, ग्राम जागरूकता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण आदि–की जानकारी देते हुए अनुशासन, समय-पालन और सेवा भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने शिविर में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में **50 से अधिक रासेयो स्वयंसेवकों** की उपस्थिति रही।

**कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ**





# 25. संविधान दिवस पर सामूहिक प्रस्तावना वाचन एवं जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक **08 नवंबर 2025** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला-धमतरी)** की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा नियमित गतिविधि के अंतर्गत **सात दिवसीय विशेष शिविर संबंधी मार्गदर्शन कार्यक्रम** आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयंसेवकों को शिविर के महत्व, उद्देश्यों एवं आवश्यक निर्देशों से अवगत कराना था। कार्यक्रम अधिकारी **श्री डीगेश्वर अटल** ने स्वयंसेवकों को शिविर की प्रमुख गतिविधियों–स्वच्छता अभियान, ग्राम जागरूकता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण–की जानकारी देते हुए अनुशासन, समय-पालन एवं सेवा भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने शिविर में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में **50 से अधिक रासेयो स्वयंसेवकों** की सहभागिता रही।

**कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ एवं प्रेस कवरेज : समाचार पत्र कटिंग**






नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 28 Nov 2025 - 28dmt4
epaper.navabharat.news

**राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने का लिया संकल्प**

आमदी कॉलेज में एनएसएस इकाई द्वारा सामूहिक प्रस्तावना वाचन हुआ

**धमतरी।** संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा सामूहिक प्रस्तावना वाचन एवं संवैधानिक मूल्यों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के मार्गदर्शन तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। प्रभारी प्राचार्य डॉ. जायसवाल ने कहा कि संविधान सिर्फ एक पुस्तक नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, दिशा और पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि संविधान युवाओं को अधिकारों के साथ कर्तव्यों की जिम्मेदारी भी सौंपता है। उन्होंने महाविद्यालय परिवार से आग्रह किया कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की भावना को सदैव जीवन में अपनाएँ। इसके पश्चात् एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाया। सभी ने न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्शों को जीवन में लागू करने तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित कुमार बोधवानी, अतिथि व्याख्याता युगेश्वर प्रसाद, आंचल अरोरा, रमेश कुमार, डॉ. उपमा, डॉ. खुशबू ठाकुर, महेश कुमार तथा प्रयोगशाला तकनीशियन सविता गिलहरे व स्वयंसेवकों में साहिल कुमार, प्राची, दिव्या पटेल, संगीता, तुलसी रानी, डेमीन का योगदान रहा।



हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Dhamtari Bhoomi - 28 Nov 2025 - Page 2

**संविधान भारत की आत्मा, दिशा और पहचान : डा. प्रसाद**

डॉ. जायसवाल ने कहा कि संविधान सिर्फ एक पुस्तक नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, दिशा और पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि संविधान युवाओं को अधिकारों के साथ कर्तव्यों की जिम्मेदारी भी सौंपता है। उन्होंने महाविद्यालय परिवार से आग्रह किया कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की भावना को सदैव जीवन में अपनाएं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल ने सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाया। सभी ने न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्शों को जीवन में लागू करने तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी, अतिथि व्याख्याता युगेश्वर प्रसाद, आंचल अरोरा, रमेश कुमार, डॉ. उपमा, डॉ. खुशबू ठाकुर, महेश कुमार, प्रयोगशाला तकनीशियन सविता गिलहरे व स्वयंसेवक साहिल कुमार, प्राची, दिव्या पटेल, संगीता, तुलसी रानी, डेमिन का योगदान रहा।

## 26. विश्व एच.आई.वी. /एड्स दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक **01 दिसंबर 2025** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला-धमतरी)** में **विश्व एच.आई.वी./एड्स दिवस** के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य **डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल** के निर्देशन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी **श्री डीगेश्वर अटल** तथा यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी प्रभारी **श्री अंकित कुमार बोधवानी** के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस वर्ष के विषय *“बाधाओं को पार कर, एड्स-प्रतिक्रिया में रूपांतरण लाना”* पर विद्यार्थियों को एच.आई.वी./एड्स के कारण, लक्षण, रोकथाम एवं जागरूकता के महत्व की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने युवाओं को सुरक्षित व्यवहार अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर **60 से अधिक रासेयो स्वयंसेवकों** की सक्रिय सहभागिता रही।

### कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ एवं प्रेस कवरेज : समाचार पत्र कटिंग






हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Dhamtari Bhoomi - 03 Dec 2025 - Page 2

**आमदी कॉलेज में विश्व एचआईवी एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

विश्व एच आई वी एड्स दिवस 2025 के अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में जागरूकता कार्यक्रम का प्रेरणादायी आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन तथा एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी व रेड रिबन क्लब प्रभारी डीगेश्वर अटल तथा यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी प्रभारी अंकित कुमार बोधवानी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।इस वर्ष विश्व एड्स दिवस का थीम ''बाधाओं को पार कर, एड्स–प्रतिक्रिया में रूपांतरण लाना'' है। कार्यक्रम की शुरुआत एच आई वी एड्स के प्रति जागरूकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. जायसवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि एच आई वी एड्स के प्रति सही जानकारी और जागरूकता ही इसके संक्रमण की रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम है। युवाओं को सुरक्षित व्यवहार अपनाते हुए समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी प्रभारी अंकित बोधवानी ने कहा कि एच आई वी एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सही जानकारी, समय पर जाँच और सुरक्षित व्यवहार समाज को संक्रमण से बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को एचआईवी की रोकथाम एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित आवश्यक तथ्यात्मक जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अतिथि व्याख्याता युगेश्वर प्रसाद, आंचल अरोरा, रमेश कुमार, डॉ. उपमा, महेश कुमार का विशेष योगदान रहा। स्वयंसेवकों में साहिल कुमार, प्राची, दिव्या पटेल, वेदप्रकाश, आदित्य, रीना, विभा, संगीता, तुलसी रानी एवं डेमीन ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## 27. रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा कक्षा-कक्षों की स्वच्छता अभियान

आमदी कॉलेज में रासेयो इकाई द्वारा नियमित गतिविधि के अंतर्गत कक्षाओं की साफ-सफाई, आज दिनांक 22 दिसंबर 2025 को शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला–धमतरी) में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा नियमित गतिविधि के अंतर्गत कक्षा-कक्षों की साफ-सफाई की गई। इस गतिविधि का उद्देश्य महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता एवं सुव्यवस्था बनाए रखना तथा छात्र-छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाओं ने कक्षा-कक्षों की धूल-मिट्टी हटाकर सफाई की, बेंच-डेस्क को व्यवस्थित रूप से साफ किया तथा कक्षाओं में सामग्री को सुव्यवस्थित ढंग से सजाया। इस गतिविधि के माध्यम से स्वयंसेवकों ने स्वच्छ वातावरण के महत्व को रेखांकित करते हुए "स्वच्छ परिसर – स्वस्थ परिसर" का संदेश दिया।

इस स्वच्छता गतिविधि को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में समस्त स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाओं का विशेष योगदान रहा, जिनकी सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ






## 28. राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रेरक व्याख्यान एवं स्वदेशी संकल्प दौड़

दिनांक **12 जनवरी 2026** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला-धमतरी)** में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा **राष्ट्रीय युवा दिवस** के अवसर पर **व्याख्यान कार्यक्रम एवं 'स्वदेशी संकल्प दौड़'** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य **डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल** के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी **श्री डीगेश्वर अटल** के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ **स्वामी विवेकानंद** के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा गीत एवं कविता प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात **'स्वदेशी संकल्प दौड़'** आयोजित की गई, जिसमें **साहिल** ने प्रथम तथा **संतोष कुमार** ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंत में विद्यार्थियों ने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण एवं **60 से अधिक रासेयो स्वयंसेवकों** की सक्रिय सहभागिता रही।

**कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ एवं प्रेस कवरेज : समाचार पत्र कटिंग**












### आमदी कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस पर व्याख्यान , स्वदेशी संकल्प दौड़ भी हुई

**आमदी ( प्रखर )।** नगर पंचायत आमदी स्थित शासकीय नवीन महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना 'रासेयो' कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में एन.एस.एस. इकाई द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम तथा 'स्वदेशी संकल्प दौड़' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर किया गया। मुख्य वक्ता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल रहे, जिन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन-चरित्र, बाल्यकालीन प्रसंगों, व्यक्तित्व निर्माण तथा शिकागो में दिए गए ऐतिहासिक संबोधन पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को राष्ट्र व समाज के लिए सेवा-भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने राष्ट्रीय सेवा योजना की भावना से विवेकानंद के विचारों को जोड़ते हुए युवाओं को कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं समाजोपयोगी नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्वयं सेविकायों योगिता पटेल, प्राची ढीमर, बीए तृतीय वर्ष तथा खुशबू एवं डेमिन बीए तृतीय सेमेस्टर ने गीत व कविताओं के माध्यम से प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। इसके पश्चात 'स्वदेशी संकल्प दौड़' का आयोजन किया गया, जिसमें 10 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ में साहिल बीएससी तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान तथा संतोष कुमार बीए तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंत में सभी छात्र-छात्राओं ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने एवं प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक तरूण बैनर्जी, अंकित कुमार बोधवानी अतिथि व्याख्याता युगेश्वर प्रसाद, रमेश कुमार एवं एनएसएस स्वयंसेवक दिव्या पटेल, वर्षा, खुशबू, विभा, रीना, मंदाकिनी, दुर्गेश्वरी, संतोष, त्रिलोक आदि का विशेष योगदान रहा। संचालन अतिथि व्याख्याता (वनस्पति शास्त्र) महेश कुमार ने किया।

## 29. माँ सरस्वती की आराधना के साथ बसंत पंचमी समारोह

दिनांक **23 जनवरी 2026** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला-धमतरी)** में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा **बसंत पंचमी** के पावन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य **डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल** के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी **श्री डीगेश्वर अटल** के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ **माँ सरस्वती** के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई तथा बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को ज्ञान, अनुशासन एवं सतत अध्ययन के माध्यम से अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में प्राध्यापकगण, कार्यालयीन स्टाफ एवं **40 से अधिक रासेयो स्वयंसेवकों** की सक्रिय सहभागिता रही।

**कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ एवं प्रेस कवरेज : समाचार पत्र कटिंग**









हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Dhamtari Bhoomi - 24 Jan 2026 - Page 3

**अनुशासन के साथ आगे बढ़ने से ही लक्ष्य की प्राप्ति : जायसवाल**

- आमदी कॉलेज में रासेयो इकाई ने मनाई बसंत पंचमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरणप्रसाद जायसवाल के निर्देशानुसार एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में रासेयो इकाई द्वारा बसंत पंचमी मनाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में ज्ञान, शिक्षा, संस्कार एवं अनुशासन के प्रति प्रेरणा विकसित करना था।

इस अवसर पर तुलसी रानी एवं संगीता साहू द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह पर्व ज्ञान, कला, साहित्य एवं शिक्षा के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन, परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने हिंदी साहित्य के महान कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का उल्लेख करते हुए बताया कि निराला जी ने अपने काव्य में बसंत को नवचेतना, उमंग और सृजनशीलता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया है तथा बसंत को जीवन में नए उत्साह और ऊर्जा का संदेशवाहक माना है।

इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक अंकित बोधवानी, अतिथि व्याख्याता युगेश्वर प्रसाद, रमेशकुमार, डॉ. उपमा, डॉ. खुशबू ठाकुर, कार्यालयीन स्टाफ सविता गिलहरे सहित रासेयो इकाई के स्वयंसेवक संदीप कुमार, खुशबू, योगिता साहू, सोमप्रकाश, मोनीश, साहिल, दिव्या पटेल, प्राची, शिप्रा, ट्विंकल, पूर्वी का विशिष्ट योगदान रहा।



नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा

Dhamtari - 28 Jan 2026 - 28dmt7
epaper.navabharat.news

**आमदी कॉलेज में रासेयो ने मनाई बसंत पंचमी**

धमतरी। शासकीय कॉलेज आमदी में प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशानुसार एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में रासेयो द्वारा बसंत पंचमी पर्व मनाया गया। तुलसीरानी एवं संगीता साहू द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक अंकित कुमार बोधवानी, व्याख्याता युगेश्वर प्रसाद, रमेश कुमार, डॉ. उपमा, डॉ. खुशबू ठाकुर, कार्यालयीन स्टाफ सविता गिलहरे सहित संदीप कुमार, खुशबू, योगिता साहू, सोमप्रकाश, मोनीश, साहिल, दिव्या पटेल, प्राची, शिप्रा, ट्विंकल, पूर्वी आदि का योगदान रहा।

## 30. स्वच्छ परिसर निर्माण हेतु स्वच्छता अभियान

दिनांक **25 जनवरी 2025** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला-धमतरी)** में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा नियमित गतिविधि के अंतर्गत **स्वच्छता कार्यक्रम** आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य **डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल** के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी **श्री डीगेश्वर अटल** के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में उगी घास-फूस की सफाई की तथा कक्षाओं, कॉरिडोर एवं परिसर के आसपास फैले प्लास्टिक व अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्र कर उनका उचित निस्तारण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने **"स्वच्छ भारत - स्वस्थ भारत"** के संदेश को अपनाते हुए स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में **70 से अधिक रासेयो स्वयंसेवकों** की सक्रिय सहभागिता रही।

**कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ एवं प्रेस कवरेज : समाचार पत्र कटिंग**









### आमदी कॉलेज में रासेयो इकाई द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन




**धमतरी ( प्रखर )।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी, जिला धमतरी में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशानुसार एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नियमित गतिविधि के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता, सामूहिक श्रम की भावना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ परिसर के महत्व को विकसित करना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में उगी घास-फूस की सफाई की गई, कॉरिडोर एवं कक्षाओं के आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ किया गया तथा महाविद्यालय परिसर के बाहर फैली प्लास्टिक एवं पॉलिथीन जैसी अपशिष्ट सामग्री को एकत्र कर उचित स्थान पर निस्तारित किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के संदेश को आत्मसात करते हुए स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ वातावरण न केवल स्वास्थ्य की दृष्टि से आवश्यक है, बल्कि सकारात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करता है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक साहिल, मोनीश, ईशांत, संदीप, वेद प्रकाश, शिप्रा, तुलसीरानी, संगीता, योगिता साहू, वर्षा, कीर्ति, योगिता पटेल सहित अन्य स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।

# 31. गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

दिनांक **26 जनवरी 2026** को **शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला-धमतरी, छत्तीसगढ़)** में **गणतंत्र दिवस समारोह** उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य **डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल** के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य ने भारतीय संविधान के मूल्यों—**समानता, स्वतंत्रता, न्याय एवं बंधुत्व**—पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों एवं कविताओं की प्रस्तुति दी गई।

समारोह में नगर पंचायत आमदी के पूर्व अध्यक्ष **श्री हेमंत माला**, पूर्व पार्षद **श्रीमती कविता साहू** सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राओं एवं रासेयो स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही तथा संचालन **श्री डीगेश्वर अटल** द्वारा किया गया।

**कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ एवं प्रेस कवरेज : समाचार पत्र कटिंग**












नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 29 Jan 2026 - 29dmt3
epaper.navabharat.news

**आमदी कॉलेज में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस**

शासकीय कॉलेज आमदी में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि भारतीय संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों पर आधारित एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा दिखाता है। छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों एवं कविताओं की भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दी गईं। समारोह में अतिथि के रूप में नपं आमदी के पूर्व अध्यक्ष हेमंत माला, कविता साहू तथा नगर के गणमान्य नागरिक एमन साहू एवं जागेश्वर साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक तरूण बैनर्जी, अंकित बोधवानी, व्याख्याता युगेश्वर प्रसाद, रमेश कुमार एवं रासेयो स्वयंसेवक साहिल, तुलसीरानी, वेदप्रकाश, मोनीश, सोमप्रकाश, संगीता, दुर्गेश्वरी, मन्दाकिनी, संध्या पटेल, युक्ति तिवारी, खुशबू, संतोष का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डीगेश्वर अटल ने किया।